तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 12 अक्टूबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


मुख्यमंत्री ने किया भगवान सहस्त्रबाहु चौक का नामकरण एवं भूमिपूजन

2



**खबर संक्षेप**

### 90 लीटर महुआ शराब जब्त दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**हसौद।** आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 90 लीटर कच्ची महुआ शराब, 250 किलोग्राम महुआ लाहन और शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री जब्त की है। टीम ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पकड़े गए आरोपी पिता-पुत्र हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम झरप के निवासी हैं। आबकारी वृत्त जैजैपुर और थाना हसौद की संयुक्त टीम ने 10 अक्टूबर शुक्रवार को झरप में यह कार्रवाई की। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम ने दयाराम लहरे और सतकुमार लहरे के मकान में छापामार कार्रवाई की। तलाशी के दौरान एक कमरे में गैस चूल्हे पर चढ़ी भट्टी से 10 लीटर भरी प्लास्टिक जरीकेन में महुआ शराब और दूसरे कमरे में नीले ड्रम में 80 लीटर महुआ शराब मिली। कुल 90 लीटर महुआ शराब तथा 250 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किए गए। मौके पर कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग ने आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किए जाने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया गया। कार्रवाई में थाना हसौद निरीक्षक नरेश यादव, वृत्त जैजैपुर प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार, रघुनाथ पैकरा तथा स्टाफ कमलेश यादव, परसराम कहरा एवं बसंती बाई का योगदान रहा।


## पार्किंग की जगह का अभाव, दुकानों के सामने सजा सामान

# त्यौहारी सीजन में सड़कों पर जाम होने लगा आम, व्यवस्था बनाने में जिम्मेदार नाकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दीपावली का त्यौहार करीब आते ही बाजार में खरीददारी तेज हो गई है। इसके साथ ही लोगों की परेशानी भी बढ़ने लगी है। मुख्य मार्गों पर संचालित दुकान के सामने सामान सजा लिए गए है। इधर जिला मुख्यालय में पार्किंग के लिए जगह का भी अभाव बना हुआ है। ऐसे में मुख्य मार्गों पर जाम लगने लगा है।

दीपावली की चहल-पहल ने बाजारों में रौनक तो बढ़ा दी है, लेकिन सड़कों पर अव्यवस्था भी चरम पर है। जिला मुख्यालय के प्रमुख मार्ग कचहरी चौक, नेताजी चौक, नैला स्टेशन रोड और लिंक रोड पर दुकानदारों द्वारा दुकानों के सामने लगाए गए टेंट और स्टॉलों से यातायात व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई है। शाम के समय सड़कों पर लोगों और वाहनों की भीड़ बढ़ जाती है। बाजार क्षेत्र में दोपहिया वाहन तक निकालना मुश्किल हो जाता है। दीपावली का त्यौहार 18 अक्टूबर को धनतेरस के साथ शुरू होगा। जैसे जैसे दीपावली करीब आती जाएगी, वैसे वैसे परेशानी भी बढ़ती जाएगी। जिम्मेदार अधिकारियों ने अभी तक व्यवस्था दुरूस्त करने कोई पहल नहीं की है। ऐसे में आने वाले दिनों में परेशानी और भी बढ़ने वाली है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि हर साल दीपावली के समय यही स्थिति बनती है, लेकिन इस बार नगर पालिका प्रशासन और यातायात पुलिस पूरी तरह लापरवाह नजर आ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी व्यवस्था सुधारने अतिक्रमण हटाएं। जल्द से जल्द बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए। पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त की जाए और यातायात पुलिस को सक्रिय किया जाए, ताकि दीपावली की खरीददारी में आम लोगों को हो रही दिक्कतों से निजात मिल सके।



शाम के बाद शहर के मुख्य मार्ग पर बनी जाम की स्थिति।

### आवागमन में बाधक बन रहे सात वाहनों पर कार्रवाई

अकलतरा नगर में यातायात पुलिस ने आवागमन में बाधक बन रहे सात वाहनों पर कार्रवाई की है। दीपावली त्यौहार को देखते हुए ओवर ब्रिज अकलतरा पर वाहन खड़ा करके यातायात को बाधित करने वाले वाहन चालकों से जुर्माना भी वसूल किया गया है। त्यौहारी सीजन में आवागमन में हो रही परेशानी और सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्य मार्ग और ओवर ब्रिज में वाहन खड़ा न करने की लोगो को समझाइश भी दी गई है। बलौदा, अकलतरा तरौद मुख्य मार्ग में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए अकलतरा शास्त्री चौक ओवर ब्रिज में वाहनों को खड़ी करने से मुख्य मार्ग में जाम लगा रहा था। जिसको ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की गई है। वाहन चालकों के विरुद्ध अपराध कायम कर वाहनों को जप्त किया गया है।

### पार्किंग के नहीं इंतजाम

पार्किंग की कोई व्यवस्थित व्यवस्था नहीं होने के कारण वाहन सड़क किनारे खड़े किए जा रहे हैं, जिससे घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती है। अधिकांश दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने पंडाल लगाकर सामान सजाया हुआ है। इससे सड़कें सिकुड़ गई हैं। ऊपर से दुकानों के सामने सड़क पर ही वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। ऐसे में ग्राहकों और राहगीरों को भीड़ और ट्रैफिक के बीच निकलने में खासी दिक्कत हो रही है।

# अंधड़ में गिरे पोल, 48 घंटे ठप रही बिजली की सप्लाई, लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

विद्युत विभाग की लापरवाही से नगर पंचायत नवागढ़ में 48 घंटे बिजली की सप्लाई ठप रही। गुरूवार शाम अंधड़ के बाद बंद हुई बिजली शनिवार की शाम लौटी। इस दौरान उपभोक्ता हलाकान रहे। वहीं बिजली नहीं होने के कारण सरकारी दफ्तरों में कामकाज ठप रहा।

गौरतलब है कि गुरुवार की शाम 5 बजे अचानक आई आंधी से दर्जन भर बिजली के खंभे धराशायी हो गये। जिसके कारण बिजली आपूर्ति बंद हो गई। विकास खंड मुख्यालय जैसे जगह में जहां व्यवहार न्यायालय से लेकर सभी शासकीय कार्यालय स्थित है । बिजली गुल होने से दफ़्तरों में कोई काम नहीं हो सका। इधर घरों में भी बिजली के अभाव में लोग हलाकान नजर आए। बारिश के मौसम में सांप, बिच्छू के डर में लोग घरों में ही दुबके रहने पर मजबूर हो गए। बार बार शिकायत करने के बाद शनिवार 11 अक्टूबर की शाम 6 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। नवागढ़ एवं क्षेत्र की जनता वर्षों से 132 के व्ही सब स्टेशन की मांग करते आ रही है, लेकिन नवागढ़ सब स्टेशन में लगभग 40कि भी दूर स्थित बनारी 132 के व्ही स्टेशन से बिजली आपूर्ति होती है। विद्युत पोल ऐसे दुर्गम स्थानों से होकर गुजरती है जहां तक पहुंच पाना विभागीय कर्मचारियों के लिये भी आसान नहीं है। ऐसे में बिजली गुल होने पर लंबा इंतजार करना पड़ता है। विगत तीन दिनों से बिजली गुल होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों की हालत बेहद खराब रही। सभी सरकारी कार्यालयों में लगभग अघोषित आपातकाल जैसा रहा।



शनिवार की शाम तार और पोल दुरूस्त करता अमला।


आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर

आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)

9827143060

Ajay Advt.

ओम हॉस्पिटल

NABH Entry Level

मूत्र एवं किडनी रोग विभाग

- गुर्दे का कैंसर • गुर्दे की पथरी
- मूत्राशय का कैंसर • पुरुष बाँझपन
- मूत्रनली की पथरी • अंडकोष का कैंसर
- पेशाब में जलन होना पेशाब में रूकावट
- लिंग कैंसर • सेक्स सम्बन्धी समस्याएं
- गुर्दे की सूजन व इन्फेक्शन

शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज

एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551

खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809

स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558

प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200

ओम डेन्टल हॉस्पिटल, समता कॉलोनी,रायपुर (छ.ग.) मो. 8305948040

#Rajesh

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल

आशीर्वाद

लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय

ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण

अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन

डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ

● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा

आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर

फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123




7 वंडर सिटी | 7389900999

महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर | रायपुर से पाटन फोरलेन हाइवे पर स्थित, महादेव घाट के पास

Bank Account Name - MARUTI INFRAA CITY PVT LTD 7 WONDER CITY RERA RECEIVABLES ACCOUNT NUMBER 004772500000257 | IFSC CODE - YESB0000047 | Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.) इसके अलावा हमारा कोई और बैंक एकाउंट नही है, और हमारी कोई ब्रांच नही है। हमारे यहाँ किसी भी प्रकार का कैश लेन-देन नहीं किया जाता। प्लॉट बुकिंग हेतु 30% राशि अनिवार्य है, प्लॉट बुकिंग Confirmation हेतु विक्रय एग्रीमेंट अनिवार्य है, प्लॉट की रजिस्ट्री, प्लॉट की बुकिंग दिनांक से 60 दिन के अन्दर करना अनिवार्य है, अन्यथा विक्रेता को यह अधिकार होगा कि वह प्लॉट की बुकिंग रद्द कर सकता है। Web : www.marutiinfraacitypvtltd.com, Email : marutiinfraacitypvtltd@gmail.com , Image For Representation Purpose Only

साइट विजिट के लिए स्कैन करें

Embassy

वर्तमान मे ब्याज दर स्टैंडर्ड सिबिल स्कोर में 8% है उसके अनुसार 5.01% की ब्याज दर हमारे द्वारा 10 वर्ष के लिए वहन किया जाएगा, ब्याज दर 8% से बढ़ने पर, अतरिक्त ब्याज दर कि राशी का भुगतान क्रेता करेगा।

## खबर संक्षेप

### हरिनंदन को बनाया गया मोरगा समिति का प्रबंधक

**कोरबा।** प्रभारी उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं ने समाचार पत्र में प्रकाशित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोरगा में भारी अनियमितता बरते जाने की खबर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मोरगा समिति की जांच जारी है। जांच हेतु पर्यवेक्षक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा कटघोरा मणिशंकर मिश्रा एवं पर्यवेक्षक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा पोड़ी उपरोड़ा हरिनंदन उइके को सयुंक्त रूप से जांच अधिकारी नियुक्त कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है। साथ ही आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोरगा के प्रभारी संस्था प्रबंधक श्री शर्मा को हटाकर श्री उइके संस्था प्रबंधक शाखा पोड़ी उपरोड़ा को मोरगा समिति का प्रबंधक नियुक्त किया गया है।

### पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 तक

**कोरबा।** पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध अध्ययन केन्द्र शासकीय पीजी कॉलेज में शैक्षणिक सत्र के सभी संकायों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इच्छुक विद्यार्थियों के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित की गई है। अध्ययन केन्द्र में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट) पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। यह अवसर उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जो रोजगार के साथ-साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। अधिक जानकारी एवं प्रवेश संबंधी मार्गदर्शन हेतु इच्छुक विद्यार्थी अध्ययन केन्द्र पीजी में संपर्क कर सकते हैं।

### हाथी के हमले में मृत व्यक्ति की हुई शिनाख्त

**कोरबा।** करतला वन परिक्षेत्र अंतर्गत रामपुर सर्किल के रामपुर परिसर के वन कक्ष पीएफ 1159 में सिवानामोहा नामक स्थान पर रामपुर से बेहरचुवां सड़क मार्ग किनारे लगभग 20 मीटर की दूरी पर एक अज्ञात व्यक्ति जिसका उम्र लगभग 58 वर्ष था। जो पिछले 2 माह से रामपुर, बिंझकोट, चैनपुर, नवापारा, में घूम-घूमता रहता था जिसे बुधवार की देर रात लगभग 12:30 बजे वन क्षेत्र में विचरण कर रहे लगभग 17 जंगली हाथियों से अचानक सामना हो जाने पर हाथियों ने सूड़ एवं पैरो से कुचलकर उसे मौत के घाट उतार दिया था। करतला थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि घटना से लेकर उसके बाद तक इसी प्रकार की सूचना थी कि मृतक अज्ञात है। थाना क्षेत्र के फॉरेस्ट एरिया में हुई घटना में विचरण कर रहे हाथी ने एक व्यक्ति को अपनी चपेट में लिया और कुचल दिया। घटनाक्रम और उसके बाद की कुछ तस्वीरें अलग-अलग सूचना माध्यम में प्रसारित की गई। इस दौरान बलरामपुर से पुलिस के पास फोन कॉल आया जिसमें बताया गया कि मृतक इस जिले का निवासी था और कुछ समय से उसके मानसिक दशा ठीक नहीं थी। बताया जाता है कि शनिवार को मृतक के परिजन करतला पहुंचेंगे जिसके बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

### शराब तस्कर को 30 लीटर महुआ शराब के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कोरबा।** जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ मुहीम चलाई जा रही है। उरगा पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सराईपाली डबरी के पास हांथ भठठी निर्मित कच्ची महुआ शराब भारी मात्रा में बिक्री करने के लिए रखा है। जिसकी सूचना पर ग्राम सराईपाली डबरी के पास मौके पर जाकर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया गया जो मौके पर एक व्यक्ति सफेद रंग एवं नारंगी रंग के प्लास्टिक के बोरी के झोला के अंदर अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखा हुआ मिला जिसका नाम पूछने पर उसने अपना नाम सराईपाली ग्राम रीवापार निवासी राज कुमार सतनामी उम्र 43 वर्ष पिता राम लाल भारद्वाज बताया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 30 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर उसके विरुद्ध 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

जाँजगीर मार्केट

फ्री फ्री ऑफर 66% छूट
बॉन्डेड कॉब रेडिमेड कपडा शोरूम
1 कपड़ा खरीदने पे 2 फ्री
कॉब कम्पनी के जूते 999/- मात्र
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य शंकर सिंघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

## बांगो बांध का डूबान क्षेत्र है बुका, चारों तरफ है पानी ही पानी

# बुका पर्यटन केंद्र होगा गुलजार, किफायती दर पर मोटर बोट की मिलेगी सुविधा, प्रवेश शुल्क में भी कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव बांगो बांध का डूबान क्षेत्र के कैचमेंट में बेहतर बारिश हुई है। जिसके चलते बांगो बांध पूरी तरह से लबालब हो चुका है। ऐसे में बांगो बांध के डूबान क्षेत्र में चारों तरफ नीला नीला पानी और छोटे-छोटे टापू और हरियालियों से भरा हुआ क्षेत्र जो कटघोरा वनमंडल के बुका पर्यटन केंद्र के नाम से प्रसिद्ध है। जिसका नाम सुनते ही पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।

**खास बात**

- पूर्व में प्रति व्यक्ति 25 रुपए लिया जाता था प्रवेश शुल्क, अब देना होगा 10 रुपए



गुलाबी ठंड ने अपनी दस्तक दे दी है और पर्यटन केंद्र आम लोगों के लिए खोल दिए गए हैं। आम जनता को इस पर्यटन केंद्र में बेहतर साजो सामान व सुविधा मिल सके इसके लिए विभाग के अफसर व समितियों ने बेहतर पहल की है। जिसमें मोटर बोट को किफायती दर पर चलाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही इस पर्यटन केंद्र में पहुंचने वाले पर्यटकों को प्रति व्यक्ति 25 रुपए शुल्क दिया जाता था। अब पर्यटकों को अधिक भार ना पड़े इसके लिए वन विभाग ने इस भार को कम करते हुए महज 10 रुपए में प्रति व्यक्ति पर्यटन केंद्र में लोगों को एंट्री दी है जबकि बच्चों की एंट्री बिल्कुल मुफ्त कर दी गई है। इस साल इस पर्यटन केंद्र में और भी पर्यटकों को लुभाने के लिए नए-नए केंद्र तैयार किया जा रहे हैं जो आने वाले दिनों में तैयार हो जाएंगे जो पर्यटकों को खूब रास आएगी।

जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले बुका पर्यटन केंद्र कोरबा जिले ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के मानचित्र में अपनी जगह बनाने में एक अलग कामयाबी हासिल की है। हर वर्ष शरद ऋतु में हजारों की तादात में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पर्यटक यहां पहुंचते हैं इस पर्यटन केंद्र में ग्लास हाउस सहित अन्य सुविधाएं पर्यटकों को उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही बांगो डूबान में मोटर बोटिंग करने के लिए शिकार बोट, स्पीड बोट, बनारस बोट सहित अन्य बोट की सुविधा वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। पूर्व में यहां पहुंचने वाले पर्यटकों को वन विभाग समिति के माध्यम से प्रति व्यक्ति 25 रुपए की राशि लोगों से लिया करती थी। कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत ने पर्यटकों को अत्यधिक भार ना पड़ सके और इस पर्यटन केंद्र की शोभा में और चार चांद लग सके इसके लिए कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत ने नई पहल की है इस पर्यटन केंद्र में पहुंचने वाले पर्यटकों को प्रति व्यक्ति अब 25 रुपए नहीं बल्कि महज 10 रुपए ही देना होगा जबकि बच्चों को किसी तरह की एंट्री फीस नहीं लगेगी। कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि यह जो राशि ली जाती है यह राशि समिति में जमा की जाती है और पर्यटन केंद्र का संचालन समिति करती है। समिति में काम करने वाले कर्मचारियों को इसी पैसे से वेतन भुगतान सहित मेंटेनेंस का काम सहित अन्य काम कराए जाते हैं। वन विभाग द्वारा इस राशि की दर को कम कर दी गई है ताकि आम लोगों को भार ना पड़े और आने वाले दिनों में इस पर्यटन केंद्र में लोगों को अत्यधिक सुविधा मुहैय्या कराई जा रही है।

**बुका में पर्यटकों के लिए संचालित होगा ई-रिक्शा**

कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत के निर्देश पर जल विहार बुका समिति के अध्यक्ष धरम सिंह बिंझवार व ग्राम पंचायत मड़ई समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई थी जिसमें इस साल पर्यटकों को बुका में जो सुविधा दी जानी है उसमें मुख्य रुप से जल विहार बुका में पर्यटको के लिए स्पीड बोट, सिकारा बोट, बनारस बोट एवं 10 सीटर बोट का संचालन किफायत दर में सुचारू रूप से करने का निर्णय लिया गया, पर्यटको की सुविधा हेतु मुख्य मार्ग से जल विहार बुका तक ई-रिक्शा चलाने का निर्णय लिया गया, पर्यटन स्थल की साफ सफाई एवं प्लास्टिक फ्री जोन बनाने हेतु प्रति दिवस समिति सदस्यों द्वारा पर्यटन क्षेत्र की साफ सफाई करने का निर्णय लिया गया, पर्यटकों के ठहरने हेतु उपलब्ध कक्षों में सुविधा का विकास करने का निर्णय लिया गया, पर्यटकों के वन भ्रमण हेतु पर्यटन क्षेत्र में निर्माणाधीन नेचर ट्रेल को शीघ्रपूर्ण कर पर्यटको के लिए खोलने कर निर्णय लिया गया है साथ ही पर्यटकों के मनोरुजन एवं सुविधा हेतु पक्षी विहार एवं बटर फ्लाई गार्डन का निर्माण को शीघ्रपूर्ण कर पर्यटको के लिए खोलने कर निर्णय लिया गया है।

# युवक के घर घुसकर मारपीट, सोने चांदी का जेवरात ले भागे लुटेरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एक युवक की मां की तबीयत बिगड़ने पर उसके परिजन उसे उपचार के लिए रायपुर लेकर गए हुए थे इस बीच युवक घर पर अकेले था। शाम को दो युवक किराये के मकान की तलाश करते हुए उसके घर पहुंचे और और उससे पूछताछ करने लगे इस बीच उसके घर घुसकर दोनों युवकों ने युवक को बेरहमी से मारपीट की और उसके घर के अलमारी में रखे सोने के जेवरात सहित नगदी रकम लेकर फरार हो गए हैं। मामला सामने आते ही पुलिस हरकत में आई और तत्काल घटनास्थल पहुंची और पुलिस ने आसपास क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन की लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस ने फिलहाल लुटेरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

लूटपाट की घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले शहर के रिहायसी क्षेत्र रविशंकर शुक्ल नगर स्थित राठौर स्ट्रीट में घटित हुई है। बताया जाता है कि यहां राठौर स्ट्रीट में किराये के मकान में देवेश सिंह उम्र 34 वर्ष गीता स्वर्गीय विजय सिंह का परिवार निवास करता है। देवेश सिंह की मां की तबियत बिगड़ने पर उसके परिजन उसे उपचार के लिए रायपुर लेकर गए हुए थे इस बीच देवेश सिंह शुक्रवार को घर पर अकेले मौजूद था। शाम लगभग 4 बजे दो युवक टहलते हुए राठौर स्ट्रीट पहुंचे थे जहां उसका सामना देवेश सिंह से हुआ। किराये का मकान लेने के संबंध में उससे पूछताछ करते-करते उसके घर जा पहुंचे और मकान देखने के बहाने उसके घर में घुसकर पहले देवेश सिंह की जमकर उन्होंने पिटाई की और अलमारी में रखे देवेश के मां की कंगन, बाली व 4 हजार रुपए नगद लूट कर फरार हो गए। लूटपाट की घटना के बाद देवेश सिंह ने इसकी सूचना अपने परिजनों को दी। जिसके उपरांत सिविल लाइन पुलिस को इसकी सूचना मिलने पर नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का सहित पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंची थी जहां पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जिले भर में नाकेबंदी कर आरोपियों की खोजबीन की लेकिन आरोपियों का कुछ पता नहीं चल पाया। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है।

# उद्योगमंत्री के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों के लिए 3 करोड़ की दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वाणिज्य उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर आबकारी, श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण और अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण से 2 करोड़ और 1 करोड़ की राशि की विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की है।


उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कोरबा कलेक्टरेट परिसर में मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक हुई थी। बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन की मांग पर सुनालिया पुल के लिए 9 करोड़ और बालक बालिका क्रीड़ा परिषर के लिए 10-10 करोड़ सहित कई अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी। मंत्री श्री देवांगन के प्रस्ताव पर मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण से कोरबा विधानसभा क्षेत्र में 2.00 करोड़ की लागत से कुल 15 नवीन विकास कार्यों की स्वीकृति मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदान की गई है। इसी तरह मंत्री श्री देवांगन के प्रस्ताव पर अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण से एक करोड़ की राशि विभिन्न छह विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। इस हेतु मंत्री श्री देवांगन ने मुख्यमंत्री श्री साय का आभार जताया है।

## सेवानिवृत्त डीएसपी के फार्म हाउस में चोरी

कोरबा। एचआईजी-7 आर पी नगर फेस-2 सुभाष चौक निवासी सेवानिवृत्त डीएसपी एम एम मिंज ने रजगामार चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने कोरकोमा स्थित कृषि फार्म के आवश्यक कार्य के लिये एक ट्रक 20 एम एम का गिट्टी खरीद कर बाउंड्रीवाल गेट के अंदर रखा था। एम एम मिंज ने फार्म हाउस की रखवाली हेतु ग्राम कोरकोमा फिरंगी लाल चौहान के घर निवासरत सकल साय उम्र 30 वर्ष पिता राम सिह चौहान को चौकीदार के रुप में रखा गया था। 2 अक्टूबर को एम एम मिंज के दोस्त रवि यादव ने फोन कर बताया कि एम एम मिंज के फार्म हाउस से चौकीदार की मिलीभगत से वहां रखी गिट्टी की चोरी हो गई है। 7 अक्टूबर को एम एम मिंज जब जशपुर से वापस ग्राम कोरकोमा आकर फार्म हाउस में देखा तो बाउण्ड्री वाल के अंदर रखा गया एक ट्रक गिट्टी 20 एमएम का आधा गिट्टी पार को चुका था।

# पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आरोपी

एक युवक ने अपनी पत्नी की फावड़े से मारकर हत्या कर दी थी इस मामले में आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे आजीवन कारावास व 3 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा संजय जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपका थाना क्षेत्र में निवासरत रीता साहू को उसका पति बजरंग साहू ने 23 अगस्त 2022 को फावड़ा मारकर हत्या कर दी थी। बजरंग अपनी पत्नी को मार रहा था उस समय अपनी पुत्री के हाथ पैर को रस्सी से बांध दिया था जो कि घटना की प्रत्यक्षदर्शी साक्षी है। मामले में अपराध दर्ज संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त प्रकरण में विचारण के दौरान प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा पीठासीन अधिकारी श्रीमती मधु तिवारी के द्वारा साक्षियों के साक्ष्य के दौरान आये तथ्यों के आधार पर आरोपी के विरूद्ध धारा 302, 506 भाग दो भा.द.वि. के तहत अपराध सिद्ध पाये जाने पर आरोपी बजरंग को आजीवन सश्रम कारावास एवं 3 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय जायसवाल ने किया।

## चोरी का मामला दर्ज

**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत विजय नगर निवासी श्याम बाई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खेती किसानी का काम करती है। 7 सितंबर को श्याम बाई अपने परिवार सहित अपने गृहग्राम तरदा खेती बाडी का काम करने चली गई थी। 8 अक्टूबर की दोपहर लगभग 12 बजे वापस आये तो देखे कि घर के खिडकी टुटा हुआ था आंगन का सामन बिखरा पडा था। घर अंदर घुसकर देखे तो घर अंदर कमरे का ताला लगाने वाला कुण्डी कटा हुआ था तथा घर में रखे सिल्वर, काश, स्टील के बर्तन, टीवी, कम्पयूटर सेट, बैटरी, यूपीएस, सोने का मंगल सूत्र, 10 नग लोहे का पाईप, एक बंडल राड व अन्य सामान चोरी कर ले गए।

# मुख्यमंत्री ने किया भगवान सहस्त्रबाहु चौक का नामकरण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



सहस्त्रबाहु जयंती में मुख्यमंत्री के द्वारा घोषित स्थल चकचकवा पहाड़ी के नीचे कटघोरा अम्बिकापुर एनएच मार्ग पर सहस्त्रबाहु चौक की घोषणा 8 नवम्बर को हुई थी। उसी स्थल पर सातगढ़ कंवर समाज के द्वारा वीर शहीद सीताराम जी की मूर्ति का अनावरण मुख्यमंत्री के हाथों होना था जिससे दोनों समाज के मध्य टकराव की स्थिति निर्मित हो रही थी।

जायसवाल समाज के बंधुओं ने मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या को बताया। श्री साय ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री निवास में केबिनेट लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक, वरिष्ठ भाजपा नेता विकास महतो, भारतीय कलचुरी जायसवाल समवर्गीय सभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामगोपाल डिक्सेना, राष्ट्रीय सचिव विनोद जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष राज जायसवाल, राष्ट्रीय युवा सचिव सह श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष राहुल डिक्सेना, कल्याण विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल के साथ घंटों चर्चा की। दोनों समाज के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए जायसवाल समाज को नवीन स्थल जटगा मोड़ कसनिया चौक को आबंटित कर चौक का नामकरण सहस्त्रबाहु चौक, मूर्ति स्थापना एवं सुसज्जित उद्यान के साथ आधुनिक प्रवेश द्वार निर्माण के लिए मनाया। जायसवाल समाज के बंधुओं ने विशाल हृदय का परिचय देते हुए इसे स्वीकार किया। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री समाज के मध्य उपस्थित होकर जडगा मोड़ का नामकरण सहस्त्रबाहु चौक, मूर्ति एवं उद्यान निर्माण का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। साथ ही सहस्त्रबाहु जी के आदमकद मूर्ति हेतु 25 लाख एवं स्वागत द्वार के लिए अलग से राशि की स्वीकृति की घोषणा किए।

**कार्यालय तहसीलदार पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / / तह. / वा. / 25
पामगढ़, दिनांक 08.10.2025
रा.प्र.क्र. 20251006310015 / ब-121
ग्राम - डोंगाकोहरौद प.ह.नं.

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक मेलन बाई पति परस राम जाति सूर्यवंशी साकिन डोंगाकोहरौद तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. के द्वारा ऋण पुस्तिका हेतु शपथ पत्र के एवं बी 1 के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम डोंगाकोहरौद में कुल खसरा नंबर 06 रकबा 0.8500 हे० भूमि अवस्थित है ऋण पुस्तिका के लिए प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 17.10.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकते है

आज दिनांक 08.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
पामगढ़, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
दन्त रोग विभाग
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी., ई.ई.जी., स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में बदलाव, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**खबर संक्षेप**

## बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में दी गई जानकारी



**बेल्हाडीह-लवसरा।** ग्राम लवसरा के एच. आर. जी. स्मृति उच्च. माध्य. विद्यालय में 10 अक्टूबर को महिला एवं बांल विकास विभाग जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हेल्पलाइन महिला सशक्तिकरण केंद्र के द्वारा बच्चों की सुरक्षा एवं उनके अधिकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बच्चों का अधिकार, सर्व शिक्षा अभियान, बाल श्रम, बाल विवाह, शिक्षा के अधिकार अधिनियम, नशा के विरुद्ध रोकथाम, किशोर न्याय, गुड टच बैड टच, चाइल्ड हेल्पलाइन - 1098 महिला हेल्पलाइन 181, कैरियर गाइडेंस सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक आकाश साहू, शिक्षक शुभम, शशिकांत केंवट, कृष्ण कांत गोंड, प्रदीप बरेठ, कु. चंद्रानी साहू, श्रीमती जागृति साहू, कु. गीतिका बरेठ कु. शांति साहू कु. धनेश्वरी यादव श्रीमती सुमैना यादव कु. हर्षकला बरेठ कु. आरती बरेठ कु. उर्वशी बरेठ कु. रेशमी साहू. कु संध्या यादव कु मधु साहू कु. ईश्वरी बरेठ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय के संचालक आकाश साहू ने मार्गदर्शन हेतु अधिकारी कर्मचारियों का आभार प्रदर्शन किया

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन आज

**पामगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल पामगढ़ का शताब्दी वर्ष विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचालन 12 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1.30 बजे सरस्वती शिशु मंदिर चंडीपारा में एकत्रीकरण हेतु निर्धारित किया गया है। पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर चंडीपारा पामगढ़ बस्ती होते हुए स्व बहोरिक लाल सूर्यवंशी चौक से वापस सभा स्थल पहुँचेगी।जहाँ पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला कार्यवाह अमित गौरहा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच तोषित रात्रे करेंगें। मंडल कार्यवाह राजन थवाईत ने सभी स्वयंसेवको से पुर्ण गणवेश में समय से 10 मिनट पूर्व उपस्थित होने की अपील की है ।

## निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर आज

**बिर्रा।** प्रथम हॉस्पिटल बिलासपुर के द्वारा निःशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन 12 अक्टूबर रविवार को सुबह 11 बजे से आचार्य चाणक्य सभागार भवन बिर्रा में रखा गया है। शिविर में डॉक्टर रजनीश कुमार पांडे, डॉक्टर एस के धर, डॉक्टर लक्ष्मी नारायण मिश्रा, डॉक्टर वैभव कौशिक, डॉक्टर अंबिकेश पांडे आदि के अलावा विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति रहेगी। इस निशुल्क शिविर में आसपास के मरीजों से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का लाभ लेने के लिए शिविर के संयोजक मनोज कुमार तिवारी ने उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## देवरानी में विराट दशहरा महोत्सव आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम देवरानी में रविवार 12 अक्टूबर को क्रिकेट मैदान में विराट दशहरा महोत्सव रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए लखन लाल देवांगन आर्केस्ट्रा पार्टी कोरबा के कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। दशहरा महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियां समस्त ग्राम वासियों के द्वारा पूरी कर ली गई है।

## साहू समाज के निर्विरोध केंद्र अध्यक्ष बने समेलाल



**अकलतरा।** साहू समाज द्वारा प्रदेशव्यापी संगठनात्मक चुनाव के अंतर्गत अकलतरी केंद्र परिक्षेत्र के सामाजिक पदाधिकारियों का सर्व सम्मति से निर्विरोध चयन किया गया जिसमें समाज के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान सर्वसम्मति से समेलाल साहू ग्राम अकलतरी को अध्यक्ष , शांति लाल साहू ग्राम पोड़ी दल्हा को उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष महिला श्रीमती निर्मला साहू, परसाही नाला, संगठन सचिव आत्माराम साहू ग्राम अकलतरी, संगठन सचिव महिला श्रीमती मुन्नीलता साहू ग्राम सांकर एवं कोषाध्यक्ष दिगंबर साहू ग्राम मधुवा का चयन किया गया।नवनियुक्त केंद्र अध्यक्ष समेलाल साहू व उपाध्यक्ष शांतिलाल साहू ने सभी सदस्यों का आभार जताया और कहा कि समाज ने जो जिम्मेदारी दिया है और विश्वास जताया है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा इस दौरान तहसील अध्यक्ष बिजेश्वर साहू , तहसील उपाध्यक्ष लक्ष्मी कुमार साहू , तहसील सचिव मोहित राम साहू , तहसील कोषाध्यक्ष नरेन्द्र साहू , तागा परिक्षेत्र के केंद्र अध्यक्ष दिलेश्वर साहू एवं केंद्र अकलतरी ग्रामीण इकाई के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

### डीईओ ने ली प्राचार्यों की बैठक, दो बार प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित करने दिए निर्देश

# बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए 31 दिसंबर तक कोर्स कराएं पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कुमुदिनी वाघ द्विवेदी ने जिले के चारों विकासखंड के के प्राचार्यों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने प्राचार्यों से कहा कि सभी विद्यालयों में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने के लिए कार्य योजना बनाएं एवं उस पर अमल करें। साथ ही 31 दिसंबर तक कोर्स पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा हेतु जनवरी एवं फरवरी में दो बार प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित किया जाना है।

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कुमुदिनी वाघ द्विवेदी ने जिले के चारों विकासखंड के शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की सेजस शक्ति में बैठक ली। बैठक में बेहतर परीक्षा परिणाम लाने हेतु ब्लूप्रिंट के आधार पर अध्यापन कराने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिदिन एक घंटा लिखने का अभ्यास करवाने, 31 दिसंबर तक संपूर्ण पाठ्यक्रम पूरा करने, अभ्यास कार्य का मूल्यांकन करने एवं विगत 5 वर्षों के प्रश्न पत्र को हल करवाने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। बोर्ड परीक्षा हेतु जनवरी एवं फरवरी में दो बार प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित किया जाना है। जिले के सभी विद्यालयों में 100% परीक्षा परिणाम लाने के लिए कार्य योजना बनाने एवं उस पर अमल करने हेतु निर्देशित किया गया। इस वर्ष सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा पांचवी एवं आठवीं की केंद्रीयकृत जिला स्तरीय परीक्षा आयोजित की जाएगी। परख सर्वे,छात्रवृत्ति, जाति प्रमाण पत्र, स्वच्छ हरित विद्यालय रेटिंग,एक पेड़ माँ के नाम एवं सूचना के अधिकार की जानकारी से संबंधित कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में चारों विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं जिले के शासकीय स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित प्राचार्यों को निर्देश देती जिला शिक्षा अधिकारी।

# शीघ्र प्रसन्न होकर मनवांछित फल देने वाले हैं भगवान आशुतोषः आचार्य पांडेय

### शिव महापुराण के चौथे दिन सती जन्म की कथा का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भगवान शंकर आशुतोष हैं, शीघ्र प्रसन्न होने वाले हैं। वे अन्य देवताओं की तुलना में शीघ्रता से प्रसन्न होते हैं और मनोवांछित देने वाले,कामनाओं की पूर्ति करने वाले हैं।

ये बातें व्यास आचार्य मनोज पांडेय ने कही। समीपस्थ ग्राम बनारी में तिवारी परिवार द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण की कथा के चौथे दिन दुर्ग जेवरा सिरसा से आए हुए ब्यास आचार्य पाण्डेय ने कुबेर कामदेव संध्या गुणनिधि, सती जी के जन्म और शिव जी के साथ विवाह की कथा सुनाई । उन्होंने बताया कि गुणनिधि नाम का ब्राह्मण बालक जो जुआ खेलने लगा था, झूठ बोलने लगा था, जब उसके पिता ने उसे घर से त्याग दिया, परिवार ने त्याग दिया, तब भूखा प्यासा वह बालक भगवान शंकर जी के मंदिर में रात्रि में प्रसाद मिल जाने की अपेक्षा में गया था। अंधेरा देखा मंदिर में तो उसने अपना वस्त्र जला करके मंदिर में प्रकाश किया और प्रसाद चुराया। आसपास के लोगों ने चोर समझ कर उसकी खूब पिटाई की और उसकी मृत्यु हो गई, लेकिन भगवान शंकर जी ने उसके इस अपराध को क्षमा कर दिया। इसने अपना वस्त्र जलाकर मेरे मंदिर में दीपदान किया है, इसे विशेष फल मिलना चाहिए और उसे कलिंग देश का राजा बना दिया। राजा बनने के बाद उसने अपने राज्य के सभी शिव मंदिरों में दीपदान की नियमित व्यवस्था की और शिव पूजन किया। उसके पुण्य प्रभाव से वही कुबेर बने। यह भगवान शिव जी की विशेष कृपा है, उदारता है, कि प्रसाद चोरी करने आया हुआ व्यक्ति भी आज कुबेर बना हुआ है। आचार्य श्री ने कहा कि भगवान शिव जी के मंदिर में दीप जलाने से झाड़ू लगाने से और भगवान जी को चंदन लगाने से व्यक्ति का राज योग बन जाता है, इसलिए सभी को अपने घरों के आसपास जो भी शिव मंदिर है, वहां दीप जलाना चाहिए। भगवान को चंदन लगाना चाहिए। मंदिर में यथासंभव सेवा कार्य करना चाहिए। इससे बड़ी से बड़ी बाधाएं मिट जाती हैं और व्यक्ति राजयोग को प्राप्त होता है। इसी प्रकार कामदेव की कथा का वर्णन करते हुए कथा वक्ता ने बताया की कामदेव को मन्मथ,मदन कामदेव , अनंग आदि अनेक नाम से जाना जाता है। कामदेव का प्रभाव सभी व्यक्तियों पर सभी अवस्थाओं पर पड़ रहा था, लोग अपनी मर्यादा खो रहे थे, तब भगवान शंकर जी ने विशेष कृपा करके काम को केवल हमारे शरीर के चार अवस्थाओं में से केवल एक अवस्था युवावस्था में ही प्रभावित रहने का आदेश दिया। बाल्यावस्था कुमार अवस्था और वृद्धावस्था में काम का प्रभाव न पड़े यह विशेष व्यवस्था फिर भगवान शिव जी की ही कृपा है। इसी प्रकार दक्ष की तपस्या सती जी का जन्म और सती जी के विवाह की कथा का आचार्य पांडेय ने सविस्तर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता पार्वती जी ने हरतालिका व्रत करके, तपस्या करके, शिवजी को पति रूप में प्राप्त किया था। इस प्रकार माता सती ने नंदा व्रत के द्वारा शिव जी को प्राप्त किया। हरतालका व्रत और नंदा व्रत कुंवारी कन्याओं का विशेष व्रत है, जिससे श्रेष्ठ पति की प्राप्ति होती है, परंतु वर्तमान में विवाहित महिलाएं इस व्रत को पति की मंगल कामना के लिए रखती हैं। कथा श्रवण करने मुख्य यजमान श्रीमती आशा कृष्णकांत तिवारी, जगदीश तिवारी, विजय तिवारी, सत्यप्रकाश तिवारी, राकेश तिवारी, रमाकांत तिवारी, राजेश तिवारी, कमलकांत तिवारी, माधव प्रसाद पाण्डेय, जीवराखन तिवारी, राकेश पाण्डेय, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, मनमोहन दुबे, गोरेलाल मिश्रा, रामेश्वर साव, बोधराम धीवर आदि उपस्थित थे।



उपस्थित श्रद्धालुओं को शिव महापुराण कथा सुनाते पंडित मनोज पांडेय।

## मुख्यालय में नहीं रहते पटवारी, ग्रामीणों ने की शिकायत

**तनौद।** ग्राम पंचायत पकरिया (राहौद) (हल्का नंबर 24) के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पामगढ़ को शिकायत पत्र सौंपकर बताया है कि क्षेत्र के पटवारी अपने मुख्यालय ग्राम पकरिया में नहीं रहते, बल्कि नगर पंचायत राहौद में निवास करते हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पटवारी ने पकरिया में एक व्यक्ति को बैठा रखा है, जिसके माध्यम से ग्रामीणों के कार्य करवाए जाते हैं ग्रामीणों का कहना है कि इस व्यवस्था के कारण राजस्व कार्यों में भारी देरी हो रही है। आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, नामांतरण, फसल बीमा, तथा अन्य भू-अभिलेख संबंधी कार्यों में एक माह से अधिक समय लग जाता है, जबकि कई बार साधारण कार्यों में भी दो से तीन माह का विलंब होता है। इससे छात्रों, किसानों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम पामगढ़ से मांग की है कि पटवारी डीमेस ठाकुर को ग्राम पकरिया मुख्यालय में नियमित रूप से बैठने और स्वयं कार्य करने के लिए निर्देशित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से भी शिकायत करेंगे।।

## विश्व मानसिक दिवस पर सीएचसी में जागरुकता शिविर

**नवागढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डॉ. नरेश साहू तथा डॉ. यशपाल खन्ना एवं अमित शेखर केशरवानी की उपस्थिति मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया , जहां पैरा लीगल वालंटियर राजेश कुमार कश्यप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित लोगो को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने का उद्देश्य, प्राधिकरण द्वारा मानसिक रोगी दिया जाने वाला निःशुल्क विधिक सहायता, बाल विवाह, भ्रूण हत्या,भरण पोषण,मध्यस्थता, लोक अदालत,जागृति इकाई , डॉन, संवाद के संबंध में जानकारी देते हुए निशुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने की पात्रता, नालसा कि योजनाओं गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, आपदा पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं, नशा पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं, निशुल्क कानूनी सहायता, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, बाल श्रम, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 , महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 , प्रथम सूचना रिपोर्ट,महिला सुरक्षा एप अभिव्यक्ति एप के बारे में जानकारी दिया गया



## प्रत्येक छह महीने में अपनी आंखों की कराएं जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा में विश्व दृष्टि दिवस कार्यक्रम मनाया गया। स्वास्थ्य विभाग के नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय अनूतत्व व अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अक्टूबर माह के द्वितीय गुरुवार को विश्व दृष्टि दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य जन सामान्य को दृष्टि सुरक्षा दृष्टिहीनता के कारण इसके बचाव व इलाज के विषय में जानकारी देना है। लगभग 25 प्रतिशत व्यक्ति दृष्टि दोष से पीड़ित है जिसे चश्मे से ठीक किया जा सकता है। 16 वर्ष से कम आयु के लगभग 0.8 प्रति हजार बच्चे हैं दृष्टिहीनता से पीड़ित है भारत में 90 लाख से लेकर 1 करोड़ 20 लाख लोग दोनों आंखों से नेत्रहीन है। हर साल मोतियाबिंद के 20 लाख नए मामले आते हैं। 75 प्रतिशत दृष्टिहीनता समय पर सही ध्यान देने से बचाया जा सकता है। प्रत्येक छह माह में अपनी आंखों की जांच नेत्र चिकित्सक से अवश्य कराएं ,प्रतिदिन सुबह उठकर व रात को सोने के पूर्व आंख के चारों ओर की त्वचा को साफ पानी से धोएं, आंख व चेहरे को साफ करने के लिए अलग अलग तोलिया इस्तेमाल करें, धूप व बहुत तेज रोशनी व दुर्घटना से आंखों को बचाएं। तीर कमान, गिल्ली डंडा खेलते समय सावधानी बरतें, आंखों में कुछ गिर जाए तो आंखों को न मलिये एवं साफ पानी से आंख धो कर बाहर निकाल दें, पुस्तक को आंखों से एक से डेढ़ फीट की दूरी को रखकर पढ़ें। कार्यक्रम में सहायक अधिकारी आरके यादव, प्रीतेश सिंह चंदेल, डी आर भारते , सत्यजीत कुर्रे, श्रीमती बबीता पाटिल, ममता कुमारी ,पूजा ,सुमन, कविता, राहुल कुमार, नम्रता, मनीषा ,प्रियंका ,भगवती खंडेल, संतोषी सोनवानी, शोभा साहू, कनक प्रभा ,श्रीमती बंगला बाई व अधिकारी कर्मचारी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

- **सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया**



आंखों को सुरक्षित रखने जागरुक करते अधिकारी व अन्य।

## गीत-संगीत के माध्यम से छत्तीसगढी कला संस्कृति को देश दुनिया तक पहुंचाने का कार्य कर रहे डहरिया

**राहौद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित बाहर भी आजकल छत्तीसगढी गीतों को खूब पसंद किया जा रहा है। प्रदेश के युवा वर्ग छत्तीसगढी सिनेमा जगत में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं और अपने कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। चाहे एक्टिंग हो, सिंगिंग हो, डारेक्शन हो, पटकथाकार हो या फिर गीतकार हो, ऐसे ही एक बहुचर्चीत गीतकार सुरेंद्र डहरिया है, जो पामगढ़ विकासखंड के एक छोटे से गांव धरदेई के रहने वाले हैं। यूं तो सुरेन्द्र डहरिया काफी सालों से अपने गीत संगीत के माध्यम से छत्तीसगढी कला संस्कृति को देश दुनिया तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इन्हें कई एनजीओ द्वारा उनके सराहनीय कार्य के लिऐ सम्मानित भी किया गया है। उनके लिखे गीत मोर चंदा, ऐ रे चंदा, मोंगरा रानी, का नशा छांगे हे, मोर मया के चंदा रानी, राजा रानी, ऐसो के सावन, मया म झन तरसाबे,कारी मैंना बिहाव रचाहूं, हाय रे फूलकैना, पुरा जमाना म कतको दिवाना म, सुन सजनी, हाय रे मोला मया होगे और बहुत सारे गीत हैं, जिसमें अनेक विधा जैसे कर्मा, ददरिया, पंथी, जसगीत आदि शामिल हैं।





जांजगीर- चांपा। जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार एवं अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष महारथी बघेल के नेतृत्व में जांजगीर अंबेडकर के प्रतिमा स्थल के पास 11 अक्टूबर को जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग द्वारा धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम पर अनुविभागीय अधिकारी जांजगीर को ज्ञापन सौंपकर मुख्य न्यायाधीश पर हमला करने वाले आरोपी पर कार्रवाई की मांग की गई।

## शैक्षिक समन्वयकों ने मांगो को लेकर बीईओ को सौंपा ज्ञापन

**चांपा।** बम्हनीडीह विकासखंड के शैक्षिक समन्वयकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से बीईओ को अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंप कर निराकरण करने की मांग की है। सोमवार को कलेक्टर,डीईओ एवं डीईओ को भी ज्ञापन सौंपेंगे।

शैक्षिक समन्वयकों ने ज्ञापन में लिखा है कि शैक्षिक समन्वयकों के अध्यापन एवं मॉनिटरिंग दिवस का स्पष्ट निर्धारण किया जाए । अध्यापन दिवस के दिन कोई भी डाक सम्बन्धी काम न लिया जावे। ब्लॉक से विभिन सामग्रियों के उठाव के लिए निर्देशित नही किया जाये । प्रशिक्षण कार्यक्रमो में सीएसी को मास्टर ट्रेनर न बनाया जाए वही गैर शैक्षणिक कार्यो गिरदावरी, बीएलओ में भी ड्यूटी न लगाया जाए। शैक्षिक समन्वयकों को केवल अकादमिक कार्य के लिए निर्देशित किया जाय न कि प्रशासनिक कार्य के लिए। ज्ञापन सौपने वालों में उमेश तेम्बूलकर , लखन कश्यप , परमेश्वर राठौर ,गोपाल जायसवाल, विकेश केशरवानी, शैलेन्द्र तिवारी, विश्वनाथ कश्यप, धरमदास मानिकपुरी, अशोक देवांगन, शरद चतुर्वेदी, प्रितेश फ्रेंकलिन , धीरज तम्बोली , राजेश कंवर, भूपेंद्र कश्यप, ललित मनहर , संतराम साहू , टिकेश्वर कौशिक , भूषण देवांगन, सुरेश देवांगन , दीपक सिदार शामिल थे ।



बीईओ को ज्ञापन सौंपते शैक्षिक समन्वयक।

# पामगढ़ शराब भट्ठी कांड : 21 साल बाद हाईकोर्ट ने दी राहत, 14 आरोपी बरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच बेंच ने पामगढ़ शराब भट्ठी कांड के सभी 14 आरोपियों को बरी कर दिया है। यह वही चर्चित मामला है, जिसमें 2004 में भीड़ ने शराब भट्ठी पर हमला कर मैनेजर भोलागुप्ता की हत्या कर दी थी। जिला जांजगीर-चांपा की विशेष सत्र अदालत ने 2015 में सभी आरोपियों को हत्या और अन्य धाराओं में उम्रकैद की सजा सुनाई थी, जिसे अब हाईकोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में निरस्त कर दिया।

बता दें कि 9 दिसंबर 2004 को पामगढ़ के चांदीपारा में राउत मड़ई मेले के दौरान स्थानीय शिक्षक महेश खरे (गुरुजी) की संदिग्ध मौत हुई थी। अगले दिन भीड़ आक्रोशित होकर पामगढ़ की शराब भट्ठी पहुंची और वहां तोड़फोड़ व आगजनी कर दी। भीड़ ने डिस्टिलरी मैनेजर भोलागुप्ता की पिटाई कर दी थी, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। सेशन कोर्ट ने इस मामले में 14 आरोपियों भगवनलाल एवं अन्य को आजीवन कारावास की सजा दी थी। इसके साथ ही उन्हें आईपीसी के तहत दोषी माना गया था। हाईकोर्ट की जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की डिवीजन बेंच ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों की उपस्थिति और उनकी पहचान को प्रमाणित नहीं कर पाया। अधिकांश गवाह शत्रुतापूर्ण हो गए और किसी ने भी घटना स्थल पर आरोपियों की स्पष्ट पहचान नहीं की। एफएसएल रिपोर्ट में भी जब्त डंडों व कपड़ों पर मिले खून का समूह मृतक से मेल नहीं खाया। अदालत ने कहा कि केवल भीड़ में मौजूद होना अपराध साबित नहीं करता जब तक यह सिद्ध न हो कि आरोपी ने हिंसा में सक्रिय भागीदारी की हो। इसी आधार पर अदालत ने सभी 14 आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।



## आपस में भिड़ी बाइक, शिक्षक समेत दो गंभीर

**पामगढ़।** राहौद चौकी के पड़रिया मोड़ के पास आपस में बाइक सवारो की जबरदस्त भिड़त हो गई। हादसे में बाइक सवार शिक्षक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालात को देखते हुए उन्हें सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मुलमुला थाना क्षेत्र के नवागांव पकरिया निवासी अमृत लाल साहू पिता रामायण साहू उम्र 27 वर्ष अपने एक मित्र शांतिकुमार साहू के साथ शुक्रवार को बाइक से ग्राम धरदेई जा रहे थे। वहीं लक्ष्मीकांत श्रीवास पिता गजेंद्र श्रीवास निवासी धरदेई के रहने वाले है और कामता शासकीय स्कूल में पदस्थ है। अपनी बाइक से सामने से आ रहा था। इस दौरान राहौद चौकी के पड़रिया मोड़ के पास दोनों की बाइक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। घटना में अमृत लाल और लक्ष्मीकांत को गंभीर चोटें आई। वहीं शांति कुमार को मामूली चोटें आई। दोनों घायलों को पामगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बिलासपुर रेफर कर दिया गया। जिस स्थान पर हादसा हुआ वहां से कुछ देर बाद ही पकरिया निवासी पत्रकार शनि सूर्यवंशी अपने साथी कुटराबोड़ निवासी चंद्रशेखर खांडे के साथ गुजर रहे थे। हादसे को देखने के बाद उन्होंने तुरंत अपनी चारपहिया गाड़ी में घायलों की स्थिति को देखते हुए बिना देर किए उन्हें अपने वाहनों में बिठाया और सीधे पामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। समय पर अस्पताल पहुंचने से उनकी जान बच गई।




शुभम के मार्ट
शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके !
Shubham K Mart Extraa Bachat-wala Festival
BUY 1 GET 1 FREE
मिठाई/नमकीन/कुकीज़/मेयोनेज़/केचप/जैम
PREMIUM BRANDED KROM
Men's & Women's festive kurtas
₹499 Per Piece
₹499 Per Piece
शॉपिंग का असली मजा जब हो ऑफर की भरमार!
GST बचत
कम से कम 9%* OFF
*नियम एवं शर्तें: तेल, घी, चीनी और शिशु उत्पादों पर न्यूनतम 9% लागू नहीं।
EXTRA डिस्काउंट
केवल सिलेक्टेड प्रोडक्ट्स पर
5% CASHBACK*
SBI card
#Min. Trxn.: ₹4,000; Max. Cashback: ₹250 per card account; Validity: 22 Sep - 31 Oct 2025. T&C Apply.
केवल शुभम के मार्ट में उपलब्ध
₹39 MRP ₹99 ₹49 MRP ₹99 फ्रूट मैजिक मैंगो ड्रिंक/ लीची ड्रिंक 1 लीटर
₹135 MRP ₹ 260 मिठाई मैजिक सेलिब्रेशन गिफ्ट पैक 510G
₹179 MRP ₹ 300 ज़ोर कड़क चाय 1 किलो
₹239 MRP ₹ 455 मिठाई मैजिक फेस्टिवल्स ऑफ मैजिक 1.23 किलो
₹179 MRP ₹ 355 मिठाई मैजिक मोमेंट्स गिफ्ट पैक 850 ग्राम
₹209 MRP ₹ 405 मिठाई मैजिक रिश्तों का मैजिक 930ग्राम
₹139 MRP ₹ 290 नमकीन मैजिक भुजिया 800 ग्राम
₹49 MRP ₹ 120 होमट्रीट्स टोमेटो केचप 950 ग्राम
₹429 शुभ बादाम 500GM
₹459 शुभ काजू 500 GM
₹37 प्रतिनग गिला नारियल
₹59 MRP ₹ 65 चावल कोलम स्टीम 1 किलो
₹47 MRP ₹ 65 थोक पोहा 1 किलो
₹99 MRP ₹270 तूर दाल 1 किलो
₹37 थोक मैदा 1 किलो
गिफ्टिंग में बचत का मैजिक
UPTO 15% OFF हल्दीराम गिफ्ट पैक्स
UPTO 50% OFF आकाश & नाकौड़ा गिफ्ट पैक्स
UPTO 55% OFF नटराज & पुष्टि गिफ्ट पैक्स
UPTO 40% OFF बिकाजी गिफ्ट पैक्स
फैशन & हैंडलूम में बचत का मैजिक
1500+ फेस्टिव कलेक्शन ₹999 के अंदर
मेंस वियर
वूमेन्स वियर
किड्स वियर
साड़ियां
प्रीमियम क्वालिटी डबल बेड कम्फर्टर (आकर्षक बैग पैकिंग) प्रतिनग MRP ₹599 शुभम मूल्य ₹299
WELL GREEN (17*27) पिलो प्रतिनग MRP ₹529 शुभम मूल्य ₹199
प्रीमियम क्वालिटी बेडशीट डबल बेड विथ पिलो कवर प्रतिनग MRP ₹599 शुभम मूल्य ₹299
डिजिटल प्रिंट / सानिल / वेलवेट सोफ़ा कवर 10 पीस सेट प्रतिनग MRP ₹899 शुभम मूल्य ₹399
किचन & घरेलू सामान में बचत का मैजिक
सनफ्लेम अल्फा 500 वाट 3 जार मिक्सर ग्राइंडर प्रतिनग MRP ₹3490 शुभम मूल्य ₹1799
शुभ मल्टीपर्पस मॉप स्पिन प्रतिनग MRP ₹1699 शुभम मूल्य ₹999
अमेरिकन टूरिस्टर टस्कन 8 व्हील 67 सेमी लगेज प्रतिनग MRP ₹11500 शुभम मूल्य ₹2699
गाला किंग कॉन्ग घास झाड़ू प्रतिनग MRP ₹235 शुभम मूल्य ₹149
BIG प्लास्टिक सेलिब्रेशन कैसरोल गिफ्ट पैक (केटल & कैसरोल) 2pcs सेट MRP ₹975 शुभम मूल्य ₹499
सनफ्लेम नेपल्स 3 बर्नर ग्लास टॉप गैस स्टोव प्रतिनग शुभम मूल्य ₹3299 MRP ₹5990
रायपुर स्टोर: संतोषी नगर | पंडरी | पुरानी बस्ती | श्रीनगर | कोटा | सरोना | कमलविहार | देवेन्द्र नगर | चंगोराभाठा | भाठागांव
सराईपाली | जुनवानी, भिलाई | पलारी | राजनांदगांव | भाटापारा | धमतरी | जैजैपुर | अकलतरा | पोटिया रोड, दुर्ग | अभनपुर
अंजोरा | नवापारा राजिम | बालोद | खैरागढ़ | कवर्धा | उतई | शिवरीनारायण | सिमगा | बेमेतरा | पाटन | बेरला | खरियार रोड
कस्टमर केयर हेल्पलाइन नंबर : 91091 99110
नियम एवं शर्तें लागू: सभी ऑफर सूचना के बिना बदलाव के अधीन हैं | ऑफर स्टॉक रहने तक | दिखाये गए उत्पादों के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र है | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मदभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट एवं यूपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |
• छत्तीसगढ़ • राजस्थान • गुजरात • ओडिशा
FOLLOW US ON:
shubhamkmartoficl
Shubham K Mart
@shubhamkmart2926